छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
शैक्षणिक सत्र 2020–21 माह नवम्बर
असाइनमेंट – 03
कक्षा – बारहवीं
विषय – हिन्दी

पूर्णांक–20

निर्देश :– दिए गए प्रश्नों को निर्देशानुसार हल कीजिए।
Instruction :–Please attempt the question as per given instructions.

प्रश्न 1. "पहलवान की ढोलक" कहानी के किस–किस मोड़ पर लुट्टन के जीवन में क्या–क्या परिवर्तन आए? लिखिये। **अंक–04 शब्दसीमा 75–100**

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **अंक–05 शब्दसीमा 100–150**

प्लेटफार्म पर उसके बहुत–से दोस्त, भाई रिश्तेदार थे, हसरत भरी नजरों, बहते हुए आसुँओं, ठंडी साँसों और भिंचे हुए होठों को बीच में से काटती हुई रेल सरहद की तरफ बढ़ी। अटारी में पाकिस्तानी पुलिस उतरी, हिंदुस्तानी पुलिस सवार हुई। कुछ समझ में नहीं आता था कि कहाँ से लाहौर खत्म हुआ और किस जगह से अमृतसर शुरु हो गया। एक जमीन थी, एक जबान थी, एक–सी सूरतें और लिबास, एक–सा लबोलहजा, और अंदाज थे, गालियाँ भी एक ही–सी थीं जिनसे दोनों बड़े प्यार से एक–दूसरे को नवाज़ रहे थे। बस मुश्किल सिर्फ़ इतनी थी कि भरी हुई बंदूकें दोनो के हाथों में थी।

(क) सरहद की तरफ बढ़ते हुए प्लेटफार्म का कैसा दृश्य उपस्थित था?
(ख) अटारी क्या है? वहाँ पुलिस में बदलाव क्यों हुआ?
(ग) लाहौर और अमृतसर में अंतर क्यों नहीं प्रतीत हुआ?
(घ) भारतीयों और पाकिस्तानियों में कौन–कौन सी समानता थी?
(ङ) भारत–पाकिस्तान के निवासियों के बीच मुश्किल क्या है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. "सिद्धेश्वरी ने देखा कि उसका बेटा किशन धीरे–धीरे घर की तरफ आ रहा है। किशन माँ को बताता है कि उसे अच्छी नौकरी मिल गई" ....।
आगे की कहांनी आप पूरी कर लिखिये।
अंक–03 शब्द सीमा 75–100

प्रश्न 4. "जूझ" कहांनी के कथानायक को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा था। अगर आपको इस प्रकार का संघर्ष करना पड़े तो आप पर अनुकूल और प्रतिकूल प्रति क्रियाएँ क्या होगी? जीवन मूल्यों की दृष्टि से स्पष्ट करते हुये अपने विचार लिखिये। **अंक–04 शब्दसीमा 75–100**

प्रश्न 5. अतिशय मोह भी क्या त्रास का कारक है? माँ का दूध छूटने का कष्ट जैसे एक जरुरी कष्ट है, वैसे ही कुछ और जरुरी कष्टों की सूची बना कर लिखिये।

अंक–04 शब्दसीमा 75–100